# मॉडल गाँव अभियान

## चर्चा में क्यों?

उत्तर प्रदेश सरकार ने **अयोध्या ज़िले** के 1147 गाँवों को [मॉडल गाँव] बनाने के लिये अभियान शुरू किया।

## मुख्य बिंदु

- **अभियान के बारे में:**
  - इस अभियान की शुरुआत अयोध्या ज़िले के तारून ब्लॉक स्थित महानमऊ गाँव से की गई।
  - यह पहल 772 [ग्राम पंचायतों] में फैले 1,147 गाँवों को कवर करेगी।
- **मुख्य उद्देश्य**
  - गाँवों को मुख्य सड़कों से जोड़कर आवागमन को सुगम बनाना।
  - खुले में शौच से पूर्ण मुक्ति सुनिश्चित करना।
  - कचरा निपटान व पुनर्चक्रण की प्रभावी व्यवस्था करना।
- **अभियान के लाभ**
  - जीवन स्तर में वृद्धि होगी।
  - [आर्थिक व सामाजिक गतिशीलता] को बढ़ावा मिलेगा।
  - [स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण] को बढ़ावा मिलेगा।

## मॉडल गाँव के बारे में:

- मॉडल गाँव वह होता है, जहाँ **स्वच्छता**, **सुरक्षित वातावरण** और **नागरिकों की सक्रिय भागीदारी** सुनिश्चित होती है।
- ऐसे गाँवों में **खुले में शौच से पूर्ण मुक्ति**, **सभी घरों में शौचालय**, **सुरक्षित एवं [स्वच्छ पेयजल] उपलब्धता**, **गोबर के लिये कंपोस्ट गड्ढे**, **गीले और सूखे कूड़े के पृथक संग्रहण हेतु गड्ढे** तथा **संपर्क मार्गों की उपलब्धता** जैसी सुविधाएँ होती हैं।
- ये विशेषताएँ किसी गाँव को **मॉडल गाँव** की श्रेणी में लाने के लिये आवश्यक मानी जाती हैं।

## अयोध्या जिला के बारे में:

- **परिचय:**
  - यह [सरयू नदी] के तट पर स्थित एक धार्मिक एवं ऐतिहासिक नगरी है।
  - **अयोध्या**, भगवान [राम की जन्मभूमि] होने के कारण विशेष महत्त्व रखती है।
  - यह प्राचीन काल में **कोशल साम्राज्य की राजधानी** रही थी।
  - **अयोध्या शहर** के निकट **फैजाबाद शहर** की स्थापना **1730 में [अवध] के पहले नवाब सआदत अली खान** ने की थी।
- **क्षेत्रफल**
  - इसका कुल क्षेत्रफल: **2522.0 वर्ग किमी. है**।
- **जैन धर्म में अयोध्या का महत्त्व**
  - [जैन धर्म] के अनुसार, [चौबीस तीर्थंकरों] में से **पाँच तीर्थंकरों** का जन्म अयोध्या में हुआ था:
    - पहले तीर्थंकर **ऋषभनाथ** जी
    - दूसरे तीर्थंकर **अजितनाथ** जी
    - चौथे तीर्थंकर **अभिनंदननाथ** जी
    - पाँचवें तीर्थंकर **सुमतिनाथ** जी
    - चौदहवें तीर्थंकर **अनंतनाथ** जी
- **प्रमुख दर्शनीय स्थल**
  - राम जन्मभूमि
  - **कनक भवन**
  - हनुमान गढ़ी

- दशरथ महल

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/model-village-campaign